तृतीय सत्र, 2019
का द्वितीय मंगलवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

मंगलवार,

17 पौष, शक संवत्, 1941

(दिनांक : 07 जनवरी, 2020)

## नत्थी 'क'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.08.2019 | *1. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बाढ़ नियंत्रण विभाग के अन्तर्गत राज्य में कितने बैकलॉग के पद रिक्त हैं ? यदि हां, तो उन्हें भरने की सरकार की क्या योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बाढ़ नियंत्रण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>21.08.2019 | *2. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम लि0 द्वारा वर्तमान में कुल कितनी बसें अनुबंधित की गयी हैं और उनसे सरकार को क्या लाभ/हानि हो रही है ? यदि अनुबंधित बसों से हानि हो रही है, तो क्या सरकार द्वारा इसे रोकने हेतु कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.11.2019 | *3. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि में मृतकों के आश्रितों तथा घायलों को कितनी सहायता प्रदान की जाती है ? क्या सरकार धनराशि बढ़ाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कितनी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>09.08.2019 | *4. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल में भीमताल झील के बने डैम की स्थिति जीर्ण–शीर्ण हालत में है? डैम के टूटने से भीमताल झील विलुप्त हो सकती है तथा डैम के किनारे रहने वाले लोगों को खतरा बना हुआ है? क्या सरकार झील के रखरखाव हेतु डैम का पुनर्निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.11.2019 | 1. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि ड्राइवर, कन्डक्टर के लिए वर्दी की धुलाई हेतु 100 रू0 दिये जाते हैं ? क्या सरकार द्वारा वर्दी शुल्क बढ़ाये जाने पर विचार किया जा रहा है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.11.2019 | 2. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना 2002 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में कितने बेरोजगारों को रोजगार दिया गया है ? यदि हां, तो इसका दायरा बढ़ाने की सरकार की क्या योजना है ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.11.2019 | 3. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 13 डिस्ट्रिक्स, 13 डेस्टिनेशन्स के अन्तर्गत नये डेस्टीनेशन विकसित किए जाने हेतु सरकार द्वारा स्थान का चयन किया गया है अथवा नहीं ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.11.2019 | 4. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि परिवहन विभाग के कार्यालयों में कितने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व कितने सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्य कर रहे हैं ? यदि पद रिक्त हैं, तो इन पदों पर कब तक पदोन्नति दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>20.11.2019 | 5. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत बरसाती नालों से बरसात के मौसम में कृषि योग्य भूमि व आबादी क्षेत्र की भूमि का कटाव हो रहा है, जिस कारण क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या समस्या से निजात दिलाये जाने एवं भूमि कटाव रोकने हेतु पुश्ता निर्माण किये जाने की सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>20.11.2019 | 6. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत सिंचाई गूलें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिस कारण कृषकों को सिंचाई करने में परेशानी उत्पन्न हो रही है ? उक्त समस्या के निदान हेतु गूलों के सुधारीकरण हेतु सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लघु सिंचाई |
| श्री गणेश जोशी<br>22.11.2019 | 7. क्या धर्मस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत राजपुर में रामनवमी के अवसर पर सैकड़ों वर्षों से माता अम्बिका देवी मेला आयोजित होता है, जहां पर देहरादून एवं आसपास के गांवों से असंख्य श्रद्धालु पहुंचते हैं ? यदि हां, तो सरकार माता अम्बिका देवी मेले को राज्य स्तरीय मेला बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | धर्मस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल | पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त। | |
| 06.09.2019 | 8. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समस्त साहसिक खेलों का वार्षिक कलैण्डर तैयार किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.08.2019 | 9. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि टिहरी विधान सभा के अन्तर्गत स्थित होटल मैनेजमेन्ट संस्थान, नई टिहरी के संचालन हेतु सरकार की योजना है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त संस्थान में वर्तमान में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण लेने वाले छात्र–छात्राओं का विवरण क्या है ? क्या यह भी सत्य है कि उक्त संस्थान में पदों का सृजन कर दिया गया है ? यदि हां, तो उक्त संस्थान में स्वीकृत पदों के सापेक्ष रखे गये स्थायी व अस्थाई कार्मिकों का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>16.10.2019 | 10. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमायूं मण्डल के पर्वतीय क्षेत्रों एवं उधमसिंहनगर व नैनीताल जिलों के रामनगर, काशीपुर, बाजपुर क्षेत्र के निवासियों को प्रदेश की राजधानी देहरादून आने जाने के लिए सीधी रेल सेवा की सुविधा न होने से उन्हें सड़क मार्ग से यात्रा करने पर भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो इस समस्या के समाधान हेतु राज्य सरकार द्वारा रामनगर से देहरादून तक सीधी रेलगाड़ी चलाए जाने हेतु रेल मन्त्रालय भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है ? यदि हां, तो इस सम्बन्ध में हुई अग्रेत्तर कार्यवाही की जानकारी क्या सरकार सदन को उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.08.2019 | 11. क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 08 जनवरी, 2019 को विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लाठरदेवा हूण सिद्धपीठ श्री गणेश मन्दिर परिसर का सौन्दर्यीकरण कराये जाने की घोषणा की गई थी ? इस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | धर्मस्व |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.11.2019 | 12. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा नई मॉडल की 300 बसें खरीदे जाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.11.2019 | 13. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनपद हरिद्वार के रूड़की केन्ट के नेहरू प्राईमरी शिल्प स्कूल का अनुदान अचानक बन्द कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार पुनः अनुदान देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>05.08.2019 | 14. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि राज्य में पानी की खपत पर जल टैक्स लगाये जाने का निर्णय लिया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान जल टैक्स लिए जाने का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार ने विद्युत उत्पादन कर रही कम्पनियों/निगमों/कार्पोरेशनों से भी जल टैक्स लेने का निर्णय लिया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक हाईड्रो पावर जेनेरेशन वाली कम्पनियों/कारर्पोरेशन से टैक्स के रूप में कितनी धनराशि ली गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.11.2019 | 15. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'विरासत का अंगीकार' परियोजना का विस्तार किया जा रहा है अथवा नहीं ? | संस्कृति |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>07.08.2019 | 16. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ओखलकाण्डा ब्लॉक में हरीश ताल व लोहाखाम ताल दो सुन्दर झीलें हैं ? उक्त दोनों झीलों के रख–रखाव व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये सरकार क्या प्रयास कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री संजय गुप्ता<br>07.08.2019 | 17. क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लक्सर में पश्चिम वाहिन गंगा के तट पर महाभारत से पंचलेश्वर महादेव मन्दिर है, जिसका तीर्थाटन परम्परा में प्राचीन काल से बहुत बड़ा महत्व है ? क्या सरकार द्वारा पंचलेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में तीर्थाटन सेवाओं के विस्तार और प्रचार की कोई योजना तैयार की जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृति |